जिलाधिकारी कार्यालय
नारायणपुर
15 JUL 2016
प्र.अधि. DIO
सहायक

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नारायणपुर
## जिला नारायणपुर (छ0ग0)

क्रमांक / एनएचएम / मु.चि.अ. / 2016 नारायणपुर, दिनॉक .....

प्रति,
कलेक्टर,
जिला सूचना अधिकारी,
एन.आई.सी.,
जिला नारायणपुर,

विषय :– **विज्ञापन प्रकाशन के संबंध में ।**

–000–

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन नारायणपुर अंतर्गत राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण, आर.एन.टी.सी.पी. कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन **cgstate.gov.in** में अपलोड कर प्रकाशित करने का कष्ट करेंगे ।

संलग्न :– (1) रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञप्ति
(2) आवेदन का प्रारूप

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला नारायणपुर

पृ0क्रमांक / एनएचएम / मु0चि0अ0 / 2016 /3474-1 नारायणपुर, दिनॉक .....

**प्रतिलिपि :–**

1. कलेक्टर, जिला नारायणपुर की ओर सादर सूचनार्थ ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला नारायणपुर

कलेक्टर आवक क्रमांक 4344 15/7/16 नारायणपुर (छ.ग.)

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नारायणपुर
## जिला नारायणपुर (छ0ग0)

क्रमांक / एनएचएम / मुचिअ / 2016 / 3473 नारायणपुर, दिनॉक 14.07.2016

## Walk-In-Interview

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. रायपुर के पत्र क्रमांक / एनएचएम / 2015 / (एन.एस. 947) / 2095 / रायपुर दिनॉक 27.01.2015, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. रायपुर के पत्र क्रमांक / एनएचएम / 2016 / (एन.एस. 1100) / 2893 / रायपुर दिनॉक 01.03.2016 एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. रायपुर के पत्र क्रमांक / मले. / 2016 / (एन.एस. 534) / 2462 नया रायपुर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. पत्र क्रमांक / एनएचएम / 2016 / एनएस 339 / 635 / रायपुर दिनॉक 14.06.2016 में दिये गये निर्देशानुसार रिक्त पदों पर संविदा भर्ती हेतु पात्र उम्मीदवारों का **Walk – In - Interview** पद कोड क्रमांक 01,02, 07, 08 का दिनॉक 29.07.2016 को, पदकोड क्रमांक 03, 04, 05, 06 का दिनॉक 30.07.2016 को, प्रातः 10:30 बजे से **शासकीय ए.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र नारायणपुर** में आयोजित किया जावेगा । इच्छुक पात्र एवं अर्हताधारी अभ्यर्थी निर्धारित एवं वांछित दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

| पद कोड क्र | पदनाम | एकमुश्त मासिक मानदेय | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | अनारक्षित | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | |
| राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम | | | | | | | | | | | |
| 1 | चिकित्सा अधिकारी | 20000 | 0 | 0 | 02 | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 04 |
| 2 | लेब टेक्नीशीयन | 10000 | 0 | 0 | 01 | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 03 |
| राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम | | | | | | | | | | | |
| 3 | लेब टेक्नीशीयन | 6300 | 0 | 0 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| आर.एन.टी.सी.पी. कार्यक्रम | | | | | | | | | | | |
| 4 | सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाईजर (एस.टी.एस.) | 16500 | 0 | 0 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| 5 | लेब टेक्नीशीयन | 10000 | 0 | 0 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 04 |
| 6 | अकाउंटेंट | 10000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 01 |
| राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन | | | | | | | | | | | |
| 7 | स्टाफ नर्स | 14784 | 0 | 0 | 0 | 02 | 0 | 0 | 0 | 0 | 02 |
| 8 | आर.एम.एन.सी.एच काउंसलर | 11000 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 |
| | | कुल योग | **0** | **0** | **07** | **07** | **02** | **0** | **01** | **0** | **17** |

आवश्यक अर्हता :–

| पद कोड क्र | पदनाम | Qualification | Desireable Qualification |
|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम | | | |
| 1 | चिकित्सा अधिकारी | BHMS/BAMS/BUMS/BDS Degree. Registration from any GOI Recognised (BHMS/BAMS/BUMS) Ayush. Homeo, Unani Registration Board. OR BDS with registration in Chhattisgarh Medical Council. | – |
| 2 | लेब टेक्नीशीयन | DMLT/BMLT/ Paramedical Course Passed in Pathology & Registration in CG Paramedical Council. | – |
| राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम | | | |
| 3 | लेब टेक्नीशीयन | DMLT/BMLT/ Paramedical Course Passed in Pathology & Registration in CG Paramedical Council. | – |
| आर.एन.टी.सी.पी. कार्यक्रम | | | |
| 4 | सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाईजर (एस.टी.एस.) | 1. Bachelors Degree OR Recognized sanitary inspectors. 2. Certificate course in computer opration (minimum 2 months). 3. Permanent two wheeler driving license & should be able to drive two wheeler. | Tuberculosis health visitors recognized course. 2. Govt. recognized degree/ diploma in social work or Medical Social work. 3. Successful complation of basic training course (Govt. Recognized) for Multipurpose health workers. |
| 5 | लेब टेक्नीशीयन | DMLT/BMLT/ Paramedical Course Passed in Pathology & Registration in CG Paramedical Council. | 1. One year experience in RNTCP or Spectum smear Microscopy. 2. Candidates with Higher qualifiacation (For Example Graduates) shall be preferred. |
| 6 | अकाउंटेंट | 1. Graduate in commerce. 2. Two years of experience in Maintenance of accounts on double entry system in a recognized Society or Institution. 3 Experience in working with Accounting software for at leas 2 years. | 1. Familiarity with audit in a recognized Society or institution .2. MBA/PGD in Financial Management. |
| राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन | | | |
| 7 | स्टाफ नर्स | B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council | – |
| 8 | आर.एम.एन.सी.एच काउंसलर | PG Degree / Diploma in Psychlogy / Counseling/Health Education / Mass Communicatioin / Social Science | – |

भर्ती के संबंध में सामान्य शर्तें :–

1. उक्त पदों पर नियुक्ति संविदा आधार पर की जावेगी । मानदेय एकमुश्त देय होगी ।
2. राशि 16500 रूपये से कम एकीकृत वेतनमान वाले पदों हेतु जिले के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जायेगी, उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अन्य जिले के अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा ।
3. 16500 रूपये या इससे अधिक वेतनमान वाले पदों में प्रदेश के सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर प्राप्त होंगे ।
4. जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है ।
5. अभ्यर्थियों को छ.ग. का निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
6. अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।
7. आयु सीमा में शासन के निर्देशानुसार छूट दिया जावेगा ।
8. शैक्षणिक योग्यता, कौशल परीक्षा एवं अनुभव के आधार पर आवेदकों का चयन किया जावेगा ।
9. नियुक्ति विभागीय चयन समिति द्वारा किया जावेगा परंतु प्रशासकीय नियंत्रण जिला स्तरीय पद पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं विकासखण्ड स्तर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी होंगे ।
10. प्रतीक्षा सूची के वैद्यता एक वर्ष की होगी ।
11. छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के कंडिका 15 की अन्य शर्तें लागू होगी ।
12. एक से अधिक पदों में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन जमा करना होगा
13. अभ्यर्थी आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो राजपत्रित अधिकारी/स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकाएँ एवं आवश्यक प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें ।
14. पदों की संख्या परिवर्तनीय है । अधिसूचित रिक्तियों को घटाया, बढ़ाया या निरस्त किया जा सकता है ।
15. शासकीय/अर्ध्दशासकीय संस्था में कार्यरत कर्मचारियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा । अन्यथा आवेदन विचारणीय नहीं होगा ।
16. आयु दिनॉक 01.07.2016 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 64 वर्ष होनी चाहिए ।
17. उपरोक्त संविदा नियुक्ति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मानी जावेगी ।
18. आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन निरस्त माना जावेगा ।
19. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवार को कोई सूचना नहीं दी जावेगी । प्रत्येक आवेदकों को चाहिए कि विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में सभी जानकारी अवलोकन कर सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें । यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण पायी जावेगी तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी । त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा ।
20. भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा । जो सभी आवेदकों को मान्य करने के लिए बंधनकारी होगा ।
21. उक्त पदों की संविदा नियुक्ति 31 मार्च 2017 तक लिए होगी । कार्य संतोषजनक होने पर सेवा अवधि अगले वर्ष के लिए बढ़ाई जा सकती है ।
22. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त प्रमाण पत्रों को अच्छी तरह से नस्तीबध्द किया जावे । आवेदन पत्र निर्धारित क्रम में व्यवस्थित करें (1 आवेदन पत्र 2 निवास प्रमाण पत्र 3 रोजगार पंजीयन, जाति प्रमाण पत्र 4 शैक्षणिक योग्यता 5 अनुभव/अनापत्ति प्रमाण पत्र 6 अन्य प्रमाण पत्र )
23. उपरोक्त रिक्तियों में अनुसूचित जनजाति के जिला स्तरीय पदों पर विशेष पिछड़ी जनजाति (अबुझमाड़िया ) को चयन में प्राथमिकता दी जावेगी ।
24. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे ।
25. आवेदन लेने का समय Walk – In - Interview तिथि को दोपहर 12:00 बजे तक होगा । अतः समस्त अभ्यर्थी निर्धारित समय से पूर्व आवेदन जमा कर पंजीयन करा लेवें ।

चयन प्रक्रिया :–

- शैक्षणिक /तकनीकी योग्यता – कुल प्राप्तांक का 70 प्रतिशत अंक
- अनुभव – 10 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक)
- कौशल/अन्य परीक्षा – 20 अंक

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला नारायणपुर

## आवेदन पत्र का प्रारूप

राजपत्रित अधिकारी या स्वयं से सत्यापित पासपोर्ट साईज फोटो चिपकायें

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला नारायणपुर (छ0ग0)

आवेदित पद का नाम : .....

1. आवेदक का पूरा नाम : .....
2. पिता/पति का नाम : .....
3. जन्म तिथि : वर्ष .....माह .....दिन.....

   शब्दों में : वर्ष .....माह .....दिन.....
4. आयु (दिनॉक 01.07.2016 की स्थिति में) : .....
5. जाति (अ.ज.जा./अ.जा./अपिव/सामान्य) : .....
6. स्थाई पता : .....

   : .....

   : .....
7. वर्तमान पता : .....

   : .....

   : .....
8. शैक्षणिक योग्यता (सत्यापित छॉयाप्रति संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक/प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

9. रोजगार कार्यालय का नाम, जीवित पंजीयन क्रमांक/दिनॉक : .....
10. अनुभव/विशेष योग्यता : .....
11. संलग्न किये गये प्रमाण पत्रों की सूची : .....

आवेदक का हस्ताक्षर

### घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ, कि उपरोक्त दर्शायी गयी जानकारी मेरे ज्ञान व अनुभव में पूर्ण, सही व सत्य है, यदि उक्त जानकारी असत्य पायी जाती है, तो मेरा आवेदन अमान्य अथवा मेरी सेवायें समाप्त कर दी जावेगी ।

आवेदक का हस्ताक्षर

पूरा नाम : .....

पूरा पता : .....

स्थान : .....

दिनॉक : .....